कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर (म0प्र0)

।। संशोधित विविध आदेश ।।

क्रमांक 166/एक–11–1/2009 बुरहानपुर, दिनांक 25/06/2024

मैं आशिता श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुरहानपुर (म.प्र.) माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर के आदेश अनुसार व्यवहार न्यायालय अधिनियम 1958 की धारा 15 एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 10(3), 194, 381 (2), 400, 408 एवं 409 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, पूर्व में जारी कार्य विभाजन विविध आदेश क्रं. 10, दिनांक 17.01.2023 में आंशिक संशोधन करते हुये विविध आदेश के खण्ड–अ सिविल कार्य विभाजन में स.क्रं. 07(द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड) में बिंदु क्रमांक 04 व 05 तथा सरल क्रमांक 10, 12 व 13 के बिंदु क्रमांक 01 को संशोधित करते हुये तथा सरल क्र. 17 (अति. व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड नेपानगर) एवं विविध आदेश क्रं. 101, दिनांक 10.06.2023 के सरल क्रमांक सरल क्रमांक 16 (व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड नेपानगर) को रिक्त रखते हुये, व तालिका 'अ' के सरल क्रं. 12 में एवं विविध आदेश में सरल क्रमांक 20 (व्यवहार न्यायालय नेपानगर (लिंक कोर्ट) को सम्मिलित करते हुये संशोधित कार्य विभाजन आगामी आदेश तक जारी करती हूं, जो कि तत्काल प्रभावशील होगा :–

खण्ड अ–सिविल कार्य विभाजन

स.क्र.	न्यायालय का नाम	न्यायिक कार्य क्षेत्राधिकार
07	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर	4– आदेश दिनांक से आगामी आदेश तक तहसील नेपानगर से उत्पन्न होने वाले रूपये–5,00,001/–(पांच लाख एक रूपये) मूल्य से रूपये 1,00,00,000/–(एक करोड) मूल्य तक के "अ" एवं "ब" श्रेणी के व्यवहार वाद (कमर्शियल कोर्ट के प्रकरण छोड़कर)। 5– व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, नेपानगर द्वारा पारित आदेशों, निर्णयों तथा जयपत्रों से उत्पन्न निष्पादन एवं विविध कार्यवाहियां।
16	व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, नेपानगर	रिक्त
17	अति. व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, नेपानगर	रिक्त
10	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर	1– आदेश दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 31.08.2024 तक की अवधि में प्रस्तुत तहसील नेपानगर से उत्पन्न होने वाले वादों को छोड़कर, 01/– (एक रू.) से 5,00,000/–(पांच लाख रू.) तक मूल्य के "अ" एवं "ब" श्रेणी के व्यवहार वाद।
12	तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ बुरहानपुर, बुरहानपुर	1– दिनांक 01.11.2024 से आगामी आदेश तक की अवधि में प्रस्तुत तहसील नेपानगर से उत्पन्न होने वाले वादों को छोड़कर, 01/– (एक रू.) से 5,00,000/–(पांच लाख रू.) तक मूल्य के "अ" एवं "ब" श्रेणी के व्यवहार वाद।
13	चतुर्थ व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर	1– दिनांक 01.09.2024 से दिनांक 31.10.2024 तक की अवधि में प्रस्तुत तहसील नेपानगर से उत्पन्न होने वाले वादों को छोड़कर, 01/– (एक रू.) से 5,00,000/–(पांच लाख रू.) तक मूल्य के "अ" एवं "ब" श्रेणी के व्यवहार वाद।
20	व्यवहार न्यायालय तहसील नेपानगर (श्रृंखला न्यायालय)	1–नेपानगर नगर तहसील की राजस्व क्षेत्राधिकारिता में उत्पन्न होने वाले रूपये 01/– (एक रू.) से रू. 5,00,000/–(पांच लाख रू.) तक मूल्य के "अ" एवं "ब" श्रेणी के व्यवहार वाद। 2–नेपानगर तहसील से उत्पन्न होने वाले, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के क्षेत्राधिकार के वे विषय जो इस कार्य विभाजन आदेश द्वारा नहीं दिये गये हैं। 3–इस न्यायालय एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बुरहानपुर के न्यायालय के षष्ठम अतिरिक्त न्यायाधीश नेपानगर द्वारा पारित आदेशों, निर्णयों तथा जयपत्रों से उत्पन्न निष्पादन एवं विविध कार्यवाहियां। 4– प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा समय–समय पर न्यायिक एवं प्रशासनिक आदेशों के अंतर्गत अंतरित किये जाने वाले प्रकरण।

जिला मुख्यालय बुरहानपुर/तहसील नेपानगर के न्यायालयों के न्यायाधीशगणों के अवकाश/अनुपस्थित/अस्थाई रिक्त की स्थिति में निम्नांकित न्यायालयों द्वारा आवश्यक कार्य किया जायेगा।

//तालिका—अ//

स.क.	न्यायालय	प्रथम उत्तरवर्ती न्यायालय	द्वितीय उत्तरवर्ती न्यायालय	तृतीय उत्तरवर्ती न्यायालय
12	व्यवहार न्यायालय नेपानगर (श्रृंखला न्यायालय)	तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर	चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर

शेष कार्य विभाजन पत्रक पूर्वानुसार यथावत जारी रहेगा।

सही/—
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बुरहानपुर (म.प्र.)

पृष्ठां. क्रमांक 1224/एक—11—1/2009

बुरहानपुर, दिनांक 25/06/2024

प्रतिलिपि :—

1— माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, उच्च न्यायालय म.प्र, जबलपुर।
2— प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बुरहानपुर।
3— प्रथम/द्वितीय/तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर।
4— प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर।
5— प्रथम/तृतीय/चतुर्थ/षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर।
6— प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बुरहानपुर के न्यायालय के द्वितीय अति. न्यायाधीश, बुरहानपुर
7— व्यवहार न्यायालय नेपानगर (लिंक कोर्ट), जिला बुरहानपुर
8— प्रभारी अधिकारी, कार्यालय अनुभाग, बुरहानपुर।
9— प्रस्तुतकार, न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर।
10— प्रशासनिक/उप प्रशासनिक अधिकारी, जिला न्यायालय, बुरहानपुर।
11— अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, बुरहानपुर।
12— जिला कलेक्टर, बुरहानपुर।
13— पुलिस अधीक्षक, बुरहानपुर।
14— लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता, जिला बुरहानपुर।
15— जिला अभियोजन अधिकारी, बुरहानपुर।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

25/6/24

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बुरहानपुर (म.प्र.)